>

Title: Need to install tubewells in Bundelkhand region of Uttar Pradeh facing acute shortage of water for irrigation.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) : महोदय, उत्तर प्रदेश के बुन्देलखंड क्षेत्र में गत् तीन वर्षो से वर्षा न होने के कारण जलस्तर बहुत नीचे चला गया है, जिससे टयूबवैल हंटिंग करके पानी देना बंद कर रहे हैं एवं बांधों में पानी न होने के कारण किसान को पलेवा हेतु अभी तक जल नहीं मिला जिससे किसान अपनी फसल बो सकते। फसल न बोने की स्थिति में किसान एवं मजदूर भुखमरी की कगार पर है। बुंदेलखंड के लोग आत्महत्या एवं पलायन करने को मजबूर हैं।

अतः मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि बुंदेलखंड के किसानों एवं जनता के कर्जे माफ कर सिंचाई के पर्यापत साधन हेतु 2000 टयूबवैल स्वीकृत कर वर्षो से लम्बित पड़ी पचनदा बांध परियोजना शीघ्र प्रारंभ की जाये जिससे किसानों एवं जनता को आत्महत्या से बचाया जा सके।